# खाद की कम मात्रा से पैदावार पर होगा असर

## कृषि आदान विक्रेता संघ ने नई व्यवस्था का किया विरोध, दुकान रखी बंद, सौंपा ज्ञापन



**नवभारत**

**अशोकगनर।** कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व खाद की उपलब्धता की नई व्यवस्था के विरोध में दुकानदारों ने दुकान बंद रखी और एकत्रित होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने 13 सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर बृज बिहारीलाल श्रीवास्तव को सौंपा गया। वहीं संघ द्वारा चेतावनी दी गई यदि समय रहते मांगे पूरी नहीं हुई तो संगठन द्वारा बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जावेगा।

ज्ञापन के दौरान संघ के अध्यक्ष केपी यादव सेमरा ने बताया खाद वितरण की शासन द्वारा जो व्यवस्था बनाई गई है वह पूरी तरह पारदर्शी नहीं है, क्योंकि जो फार्मर आई डी बनाई गई है, जिनमें कई प्रकार की भिन्नता है, जिसके कारण किसानों को काफी समस्याओं को सामना करना पड़ेगा। वहीं उन्होंने बताया कि जमीन विभाजन की तकनीकी दिक्कतों के कारण कई किसानों को ऑनलाइन टोकन से खाद नहीं मिल पा रहा है। वहीं खाद की कमी के चलते धान उत्पादक किसानों को काफी दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि खाद की उपलब्धता कम होने पर किसान की पैदावार पर असर डालेगी। क्योंकि पांच बीघा जमीन पर सिर्फ एक बोरी डीएपी मिलना पर्याप्त नहीं है। साथ ही सुपर खाद लेने पर डीएपी नहीं मिलने की समस्या भी सामने आ रही है। ज्ञापन में खाद की पर्याप्त आपूर्ति, जबरन अन्य उत्पादों की बिक्री पर रोक, डीलर मार्जिन बढ़ाने और साथी पोर्टल की अनिवार्यता खत्म करने की मांग संगठन द्वारा की गई।

**दुकाने रखी बंद, दी चेतावनी:** कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा अपनी विभिन्न 13 समस्याओं को लेकर शहर में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जहां समस्त दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर नई प्रणाली का विरोध जताया, तो वहीं समस्त दुकानदारा विदिशा रोड़ पर एकत्रित हुए और रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगो से सबंधित एक आवेदन दिया। वहीं संगठन द्वारा चेताया गया है कि मांगे पूरी नहीं हुई आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जावेगा।

# जिले में खाद के संकट से जूझ रहे किसान

**स्लॉट बुकिंग न होने से आ रही परेशानी**

**टोकन व्यवस्था के विरोध में सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में रबी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। ऑनलाइन साईट नहीं चलने से जहां स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही, तो वहीं खाद के लिए टोकन व्यवस्था भी फेल साबित हो रही है। इन समस्याओं से आक्रोशित संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार को संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोसकर और कृषि उपसंचालक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की। जिला मीडिया प्रभारी राजिद अहमद ने बताया कि समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए किसानों को स्लॉट ही नहीं मिल पा रहे, क्योंकि संबंधित वेबसाइट समय पर खुल नहीं रही। दूसरी ओर खाद वितरण के लिए बनाई गई ऑनलाइन टोकन व्यवस्था भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। साइट बंद रहने से टोकन नहीं मिल रहे और किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में प्रति बीघा मात्र 10 किलो डीएपी खाद दी जा रही है, जो फसलों की जरूरत के मुकाबले बेहद कम है। किसानों ने इसे बढ़ाकर न्यूनतम 25 किलो प्रति बीघा करने की मांग रखी है। साथ ही खरीदी केंद्रों पर बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्लॉट व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और टोकन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और खाद की उपलब्धता नहीं बढ़ाई गई, तो जिले भर के किसान बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय रघुवंशी, कृष्णा बैरागी, राव दिगपाल सिंह यादव, जसपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, यशपाल यादव, बंटी रघुवंशी, छोटू लोधी, अजय रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एक नजर में

### निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**अशोकनगर।** रेडक्रॉस सोसाइटी, सेवा भारती द्वारा एलएन मेडिकल कॉलेज, जेके हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में मंगलवार को विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एलएन मेडीकल कॉलेज एवं जेके हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। शिविर में ईसीजी ईथों एवं रक्त की पैथोलॉजी जांच नि:शुल्क की जाएगी। शिविर में कैंसर रोग,हृदय रोग, मेडिसिन रोग, सर्जरी रोग, हड्डी रोग स्त्री एवं प्रसूति रोग की जांच एवं उपचार किया जावेगा। शिविर में उपलब्ध डॉ. विवेक त्रिपाठी (कार्डियक), डॉ. प्रिया कुशवाह (सर्जरी) डॉ सेहवाल सक्सैना (अर्थो), डॉ. नीरज (कैंसर) डॉ. अनन्या राय सिंह (सर्जरी) डॉ. पलाश सिंह (आर्थो) डॉ. अर्तिका (गायनिक) द्वारा प्रशिक्षण एवं उपचार किया जाएगा।

### खुले बोरवेल मिलने पर होगी कार्रवाई सूचना देने वाले होंगे पुरस्कृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा निर्देशित किया गया है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों अनुपयोगी व खुले बोरवेल को तुरंत बंद कराये जायें। लापरवाही पाये जाने पर भूस्वामी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएं। साथ ही खुले बोरवेल की सूचना देने पर संबंधित जागरूक नागरिक को पुरूस्कृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# उपभोक्ता बोले हमारे घरों से हटाएं स्मार्ट मीटर

## शहर में स्मार्ट मीटर विरोध जारी, वार्ड के रहवासियों ने विद्युत मंडल पहुंचकर सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में लगातार स्मार्ट मीटर का विरोध बड़ता जा रहा है, जहां विगत दिनों स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर वार्ड क्रमांक 16 मोहरी रोड़ पर उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी के कर्मचारियों के बीच हुए मुहंवाद बबाल हो गया था। तो वहीं अब इसी गली के उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों के आगे लगे स्मार्ट मीटर हटाए जाने की मांग विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक को सौंपा गया।

दरअसल सोमवार को मध्य प्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में उपभोक्ता विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय पहुंचे और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर अलग से आवेदन दिये। इस दौरान उपभोक्ताओं ने कहा कि बिना अनुमति के पुराने डिजिटल मीटरों को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली आज की मूलभूत आवश्यकता है और बिन बिजली सब सून् जैसी स्थिति में उपभोक्ताओं के साथ इस तरह का प्रयोग उचित नहीं है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के जरिए टीओडी (टाइम ऑफ डे), डायनेमिक प्राइसिंग और रियल टाइम मॉनिटरिंग जैसी प्रणालियां लागू की जा सकती हैं, जिससे बिजली बिल बढ़ने की आशंका है। साथ ही यह भी आशंका जताई गई कि सॉफ्टवेयर आधारित सिस्टम में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। उपभोक्ताओं ने विद्युत अधिनियम 2003 की धाराओं का हवाला देते हुए कहा कि कंपनी उपभोक्ताओं को सही और सहमति वाले मीटर से ही बिजली देने के लिए बाध्य है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट मीटर केवल सुझाव के रूप में हैं, कोई अनिवार्य कानून नहीं। ज्ञापन के दौरान तीन दर्जन से उपभोक्ता मौजूद थे, जिन्होंने स्मार्ट मीटर हटाने और पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की।



# सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन ने कन्या विवाह में दी सामग्री


**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर में एक गरीब लड़की के विवाह के लिए सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा उपहार स्वरूप घरेलू उपयोग की सामग्री दी गई। संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे ने बताया कि एक निर्धन ब्राह्मण की कन्या के विवाह में संगठन के सदस्यों के सहयोग गोदरेज की अलमारी, फ्रिज ,वाशिंग मशीन सोफा सेट ,बर्तन, साड़ियां, हैंडबैग ,आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लहंगा सहित लड्डू गोपाल देकर विवाह उपरांत उपयोग होने वाले समस्त सामग्री भेट स्वरूप दी गई है। उल्लेखनीय है कि संगठन द्वारा कन्या विवाह सेवा कार्य विगत कई वर्षो से किया जा रहा है, जिसके तहत एक सामग्री दी गई है। इस मौके संगठन की सचिव वंदना पाराशर, कोषाध्यक्ष रीना बुधौलिया, उपाध्यक्ष रानी राजोरिया, रुचि सहित संगठन की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

# फांसी पर झूला कर्ज से परेशान युवक

**ऑनलाइन गेम के चलते हो गया था कर्जा**

**घटना से पूर्व पिता को भेजा आखरी मैसेज**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ में ऑनलाइन गेम की लत और उससे हुए कर्ज से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक ने फांसी लगाने से पूर्व अपने पिता को वॉट्सअप पर मैसेज भेजा और उसके बाद फांसी पर झूल गया। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का फंदे से उतारकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कद दिया है।

मृतक के पिता रमेश अहिरवार ने बताया कि उनका बेटा राहुल ऑनलाइन गेम खेलता था, जिसके कारण उस पर काफी कर्ज हो गया था, जिसे उन्होंने चुकता किया, जब वह बाहर रहता था, उसे लेकर वह अपने पास ले आए, जहां कुछ दिनों तक सबकुछ ठीक चला, लेकिन कुछ दिनों से फिर उसे ऑनलाइन गेम की लत लग गई, जिसमें वह पैसे हार गया और अपनी मोटरसाईकिल तक गिरवी रख दी।

**अर्धरात्रि में पिता को भेजा मैसेज:** मृतक के पिता ने बताया कि राहुल ने करीब रात्रि 3 बजे उन्हें एक मैसेज भेजा, जिसमें उसने लिखा कि अब मेरी बजह से उन्हें परेशानी नहीं होगी। इस मैसेज को जब उन्होंने देखा तो सामान्य समझा, लेकिन जब उसके कमरे में जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था, जिसके बाद परिजनों और पुलिस को जानकारी दी गई।

**अस्पताल में होनी थी ज्वाइनिंग:** मृतक के पिता ने बताया उनके बेटे राहुल ने नर्सिंग की पढ़ाई की थी, जिसके चलते उसकी ज्वानिंग सोमवार को ही सुखपुर हॉस्पिटल में होना थी, लेकिन ज्वानिंग से पहले उसने अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि मृतक की पांच वर्ष पहले शादी हुई थी और एक संतान भी है।

# गाय को दिया जाए राष्ट्र माता का दर्जा

**गौसेवकों ने निकाली रैली सौंपा ज्ञापन**

**जिलेभर की तहसीलों में उठी यह मांग**




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में गौसेवको द्वारा गाय को राष्ट्र माता दर्जा देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन से पूर्व समस्त गौसेवक अस्पताल चौराहे पर एकत्रित हुए और रैली के रूप में कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपनी मांग से सबंधित ज्ञापन दिया।

दरअसल सोमवार को गो सम्मान आवाहन अभियान के तहत जिलेभर सैंकड़ो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और प्रत्येक तहसील में गोवंश को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने और केंद्र स्तर पर गोसेवा मंत्रालय के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे। शहर में रैली की शुरुआत युगल सरकार मंदिर से हुई, जहां से गोसेवक पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।गो सम्मान आवाहन अभियान के जिला संयोजक और गौ सेवक गौरव यादव सारसखेड़ी ने बताया कि बहादुरपुर, मुंगावली, शाढ़ौरा, नईसराय, ईसागढ़ और चंदेरी सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के ज्ञापन दिए गए। सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 और 51(ग) का उल्लेख किया गया है। जिसमें कहा गया है कि संत समाज, गो वैज्ञानिकों और प्रबुद्ध नागरिकों ने अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश को राष्ट्रमात या राष्ट्र आराध्या का दर्जा देने की मांग उठाई है। इसके साथ ही, केंद्र सरकार से केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना और गौ संरक्षण के लिए एक समान कानून बनाने की अपील की गई है। वहीं गोसेवकों ने तर्क दिया कि देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भारतीय परंपरा की आधारशिला माने जाने वाले गोवंश को संवैधानिक संरक्षण मिलना आवश्यक है। वहीं ज्ञापन में देशी गोवंश की संख्या में लगातार हो रही कमी पर चिंता जताई गई। जिसमें मुख्य भूख, सड़क दुर्घटनाएं, तस्करी और अवैध वध सहित अन्य कारण बताये गये है।

# भाजपा ने किए मंडल प्रभारी घोषित

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के निर्देशानुसार सोमवार को जिले के सभी मंडलों में जिला प्रभारी घोषित किए गए हैं। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिले के सभी मंडलों में प्रभारियों की जारी सूची में अशोकनगर मंडल में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव पछार मंडल में जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल अशोकनगर ग्रामीण में जिला उपाध्यक्ष केशवराव जोशी शाढ़ौरा में पूर्व जिला मंत्री सुनील रघुवंशी महिदपुर, सोनेरा में जिला मंत्री लखन सिंह रघुवंशी राजपुर में पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह दांगी नई सराय में पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी ढाकोनी में जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ईसागढ़ में जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी चंदेरी नगर में जिला महामंत्री नरेश ग्वाल चंदेरी ग्रामीण में जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी थूवोन मंडल में जिला कोषाध्यक्ष पूरन सोनी सेहराई में जिला मंत्री दीपक शर्मा पिपरई में पूर्व जिला मंत्री मनोज शर्मा आमखेड़ा जिला मंत्री दयाशंकर कुशवाहा मुंगावली में पूर्व जिला महामंत्री प्रताप भान सिंह यादव बहादुरपुर मंडल में जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी को प्रभारी बनाया गया है।

### जनगणना कार्यों की समीक्षा, स्व-गणना को बढ़ावा देने के निर्देश

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित जनगणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित किया कि चार्ज अधिकारियों के माध्यम से जनगणना से जुड़े सभी कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम एवं वार्ड स्तर तक जनप्रतिनिधियों, शासकीय अमले तथा आम नागरिकों से सतत समन्वय स्थापित करें।

**कार्यक्रम**

## धर्मसभा में बोले मुनिश्री सुधासागर महाराज

# अपने गंदे कर्मों से माता-पिता को शर्मिंदा न करें



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** कभी भी जीवन में कोई भी ऐसा गंदा काम मत करना जिससे तुम्हारे माता पिता को शर्मिंदा होने पड़े, तुम्हे अच्छा नहीं बनना मत बनो, तुम्हे मोक्ष नहीं जाना मत जाओ, मगर जीवन में कोई भी ऐसा गंदा कर्म मत करना जिससे तुम्हारे माता पिता को उस गंदे कर्म की वजह लोगो में शर्मिंदा होने पड़े, तुम त्याग नहीं कर सकते कोई बात नहीं, तुम्हे जिंदगी से बहुत राग है, जिसे अपनी जिंदगी से राग है वही सच्चा बैरागी है, सबसे ज्यादा राग जिंदगी से किसी को होता है तो वह मुनि महाराज को होता है एक एक क्षण हम अपनी जिंदगी का गलत नहीं होने देते,तुम लोग हो बहादुर तुम्हे जिंदगी से कोई राग ही नहीं है,यदि तुम्हे जिंदगी से राग है तो ऐसा कुछ मत करना जो तुम्हारी जिंदगी को बर्बाद कर दे,में तुम्हे धर्मात्मा नहीं बना रहा हु,तुम्हे जीना है तुम जियो,मगर ऐसा मत करना कि तुम अकाल में मर जाओ,तुम्हारी जिंदिगी बर्बाद हो जाए,ओर इज्जत पूरी खाक में मिल जाए,अपने माता पर किसी भी प्रकार का कलंक मत लगने देना की लोग कहे यह उनका बेटा है ऐसा कोई काम मत करना इसके अलावा मुनि श्री ने कहा कि आप सभी को यह सौभाग्य मिला है कि आप सर्वश्रेष्ठ कुल में जन्म लिया है उसे यू ही बेकार मत जाने दो क्योंकि यह कभी दोबारा नहीं मिलेगा वही निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के प्रतिदिन आहार चर्या संपन्न हो रही है जिसमें मुनि श्री को नवधा पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य राजेंद्र कुमार,अनुज कुमार जैन ढाना परिवार को प्राप्त हुआ।

# यज्ञ में वैदिक मंत्रों से की गई अग्नि प्रज्वलित

**नगर के महुआखेड़ी में हो रहा है धार्मिक अनुष्ठान**

**ब्राह्मणों ने पढ़े मंत्र, कथा वाचक ने सुनाई कथा**



**नवभारत न्यूज**

मुगावली। नगर के महुआखड़ी ग्राम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ वेदी में अग्नि प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत शुभ मुहूर्त में आचार्यजनों के निर्देशन में हुई, जिसमें सभीधार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न किए गए। ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अग्नि प्रज्वलित कर देवताओं का आह्वान किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ते हैं। भगवान के जन्मोत्सव की कथा को आधार मानते हुए पूज्य व्यास श्रवण भार्गव ने बताया कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं (भगवान) स्वयं प्रकट होते हैं , भगवान ने ब्राह्मण ,गौ, साधु संत, और धर्म की रक्षा के लिए भगवान स्वयं अवतरित होते हैं।

### फांसी के फंदे पर झूला 40 वर्षीय व्यक्ति

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम डुंगासरा में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, यह घटना जब घटित हुई जब मृतक की पत्नि विवाह समारोह में गई थी और बच्चे घर पर सो रहे थे, जब वह सोकर उठे देखा तो पिता फांसी के फंदे पर झूलता मिला।

जानकारी के अनुसार देवेंद्र पुत्र बुंदेल सिंह परिहार ने रविवार रात शराब के नशे में घर पर आया था और चक्की वाले कमरे में चला गया। नशे में होने के कारण बच्चों को लगा कि वह सो गये, लेकिन जब सुबह उनकी छोटी बेटी उस कमरे में पहुंची तो देवेंद्र चक्की के लिए लगे तराजू पर लटक रहा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।